**Setting up of a Paper Industry in Monghyr and Purnea**

3287. SHRI NIHAL SINGH Will the Minister of INDUSTRY be pleased to state:

(a) the steps taken by Government to start paper industries in Monghyr and Purnea districts in Bihar; and

(b) whether any proposal has been given by Federation of Chamber of Commerce and Industry in this matter?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INDUSTRY (SHRI CHARANJIT CHANANA): (a) and (b). Government have been encouraging the setting up of paper mills based on agricultural residues in backward regions. Although representations have been made for the setting up of paper mills in Monghyr and Purnea districts of Bihar, no concrete proposal has been submitted in this regard.

**भविष्य निधि और कर्मचारी राज्य बीमा योजना में गुजरात स्टेट फर्टिलाइजर कम्पनी द्वारा जमा राशियां**

3288. **श्री निहाल सिंह:** क्या श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश के उन स्थानों के नाम क्या हैं जहां पर गुजरात स्टेट फर्टिलाइजर कम्पनी की शाखाएं कार्य कर रही हैं, और इनमें दैनिक और मासिक मजदूरी पर कार्य करने वाले कर्मचारियों की संख्या कितनी है; और

(ख) उन तीन वर्षों के दौरान कर्मचारी भविष्य निधि और कर्मचारी राज्य बीमा योजना में जमा की गई राशि कितनी है तथा गुजरात स्टेट फर्टीलाइजर कम्पनी की प्रत्येक शाखा पर बकाया राशि कितनी है और उसकी वसूली के लिए क्या कदम उठाये गये हैं?

**श्रम मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री पी. वेंकटरेड्डी):** (क) उपलब्ध सूचना के अनुसार, गुजरात, राज्य उर्वरक निगम की अहमदाबाद, बम्बई और दिल्ली में शाखाएं हैं और देश के विभिन्न भागों में 198 डिपो हैं। इनमें कुल 583 कर्मचारी हैं, जो मासिक मजदूरी पर काम कर रहे हैं।

(ख) उक्त निगम कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 के अधीन नहीं आता है और यह कर्मचारी भविष्य निधि (प्रकीर्ण उपबन्ध) अधिनियम, 1952 के अधीन भी छूट प्राप्त प्रतिष्ठान है। यह सूचित किया गया है कि इस प्रतिष्ठान ने वर्ष 1977-78 से 1979-80 के बीच की अवधि में भविष्य निधि के न्यासी बोर्ड को 207.28 लाख रुपये हस्तांतरित किए हैं और यह कि उनके विरुद्ध कोई राशि बकाया नहीं प्रतीत होती।

**Amendment to I.D. Act.**

3289. PROF. MADHU DANDAVATE: Will the Minister of LABOUR be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Union Labour Ministry is considering a proposal for amending the Industrial Disputes Act to enable the Centre to intervene to settle disputes where the period of closure of lock-out exceeds 35 or 40 days; and

(b) if so, whether the same attitude would be taken towards disputes resulting in strikes in industries due to the adament attitude of industrialists and management?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF LABOUR (SHRI P. VENKATA REDDY): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

**कागज के मूल्य में वृद्धि**

3290. **श्री विलास मुत्तेमवार:** क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सफेद छपाई कागज के मूल्य में गत 1½ वर्षों के दौरान निरन्तर वृद्धि के कारण हैं;

(ख) क्या सरकार को छपाई उद्योग तथा शिक्षा के क्षेत्र में भी कागज के अत्यधिक मूल्यों के दूरगामी परिणामों की जानकारी नहीं है; और

(ग) सफेद छपाई कागज के मूल्यों में नियंत्रण करने के लिए सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की जा रही है?